लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/14/2018 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः— 30.01.2018

सुनीता बोहरा निवासी ए—13, आदर्श कॉलोनी, निम्बाहेड़ा

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा

प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम—2005

निर्णय

दिनांक 21.02.2018

सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के तहत अपीलार्थीया द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थीया द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 08.12.2017 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थीया को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 14/2018/(20.02)/122 दिनांक 30.01.2018 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा को दिनांक 20.02.2018 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थीया को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 20.02.2018 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थीया नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुई।

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा ने अपने पत्र क्रमांक/सू.अ./2018/185 दिनांक 12.02.2018 से कमेंट्स प्रेषित किये कि अपीलार्थीया द्वारा अतिक्रमण संबंधी जानकारी चाही जाने पर पटवारी हल्का निम्बाहेड़ा को आवेदन

प्रकरण संख्या 14/2018 (सू.अ.)
सुनीता बोहरा निवासी निम्बाहेड़ा बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा

भेजकर सूचना उपलब्ध कराने हेतु लिखा लेकिन उक्त पटवारी हल्का द्वारा अपने पटवार हल्का के अतिरिक्त कार्य भार होने से पटवार संघ के निर्णय के आधार पर अपने पटवार सर्कल के अतिरिक्त पटवार क्षेत्र का रेकार्ड तहसील कार्यालय में जमा करा दिया गया जिससे प्रार्थीया को सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। प्रार्थीया को दूरभाष से सूचित कर कार्यालय हाजा में पटवार हल्का निम्बाहेड़ा के जमा सुदा रेकार्ड से प्रार्थीया द्वारा चाही गई सूचना दिनांक 09.02.2018 को उपलब्ध करा दी गई है जिसकी छायाप्रति संलग्न प्रेषित है।

हमने अपीलार्थीया द्वारा प्रस्तुत अपील तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा द्वारा अपने पत्रांक/सू.अ./2018/185 दिनांक 12.02.2018 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थीया को उसके द्वारा वांछित सूचना/प्रतिलिपियां सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा द्वारा अपने पत्रांक/सू.अ./2018/185 दिनांक 12.02.2018 से उपलब्ध कराई जा चुकी है जिसकी प्राप्ति रसीद संलग्न है।

चूंकि अपीलार्थीया को उसके द्वारा वांछित सूचना/प्रतिलिपियां निः शुल्क उपलब्ध हो जाने से अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थीया सारहीन होने से खारीज की जाती है।

(इन्द्रजीत सिंह)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/सरिश्ता/प्र.सं./14/2018(सू.अ.)/ दिनांकः- / /2018

प्रतिलिपिः-

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा
2. सुनीता बोहरा निवासी ए-13, आदर्श कॉलोनी, निम्बाहेड़ा

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)